प्रतिक्रियाएं | शहर में पेट्रोल-डीजल के 3 रुपए रेट बढ़ाए गए, दाम बढ़ते ही सामने आई तीखी प्रतिक्रियाएं

# ये सरकार जनता की नहीं, व्यापारियों की है




**नवभारत,जबलपुर।** शहर में पेट्रोल-डीजल के दाम करीब 3 रुपए शुक्रवार को बढ़े तो सरकार के खिलाफ शहर में तीखी प्रतिक्रिया सामने आईं। नवभारत से चर्चा के दौरान लोगों ने कहा कि आज की सरकार जनता की नहीं है ये सरकार व्यापारियों की है। कुछ ने कहा कि पीएम के ईधन बचाने के संदेश और बंगाल चुनाव के बाद ये स्पष्ट हो गया था कि पेट्रोल डीजल के दामों में निश्चित बढ़ोत्तरी की जाएगी।

वहीं किसी ने कहा कि वैश्विक संकट के समय लोगों को उपयोग अनुसार पेट्रोल डीजल का इस्तेमाल करना होगा। सरकारी तेल कंपनियों ने करीब 4 साल बाद एक साथ ईंधन के दाम बढ़ाए हैं। नई दरें शुक्रवार सुबह 6 बजे से लागू हो गईं। हकीकत की बात करें तो मध्यम वर्गीय परिवार व आम आदमी की जिंदगी में पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी का असर निश्चित पड़ेगा। जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल डीजल के दामों को बढ़ाया गया है। वहीं तेल कंपनियों का भी मानना है कि लंबे समय से कीमतें स्थिर रखने के बाद अब लागत का दबाव बढ़ने लगा था, जिसके चलते यह फैसला लेना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल तीन रूपए 29 पैसे और डीजल में 3 रूपए 10 पैसे का इजाफा हुआ।

### किराया बढ़ने की बढ़ी आशंका

जानकारों का मानना है कि शहर में अब रैपिडो, ऑटो, ई-रिक्शा, ओला और अन्य कैब सेवाओं के किराए में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है। अगर किराया बढ़ा तो सबसे ज्यादा ऐसे लोग प्रभावित ज्यादा होंगे जो प्रतिदिन इन सेवाओं का उपयोग करते थे। इनमें छात्र वर्ग और कई प्राईवेट कर्मचारी शामिल होंगे। वहीं परिवहन लागत बढ़ने से सब्जियां, दूध, राशन और अन्य जरूरी वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं। ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े लोग तो ये कहने भी लगे हैं कि राहत जल्द नहीं मिली तो आने वाले दिनों में मालभाड़ा बढ़ा दिया जाएगा।

### पीएम के संदेश की चर्चाएं तेज

जैसे ही शुक्रवार तो लोगों को पता चला कि पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ा दिए गए हैं तभी से शहर में चर्चाएं व्याप्त थीं कि जिस दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने ईधन बचत को लेकर संदेश जारी किया था उसी दिन तय हो गया था कि पेट्रोल-डाजल के रेट सरकार द्वारा बढ़ा दिए जाएंगे।

**अब के दाम**
- पेट्रोल 109.88 रु. लीटर
- डीजल 95.08 रु लीटर

**पूर्व के दाम**
- पेट्रोल- 106.51 रु. लीटर
- डीजल- 91.91 रु. लीटर

### तिलवारा में पेट्रोल खत्म, ऑटो में लोड कराने मजबूर वाहन

शुक्रवार को सुबह से तिलवारा रोड स्थित दोनों पेट्रोल पंप बंद रहे जिस कारण तिलवारा स्थित मां नर्मदा तट जाने वाले ऐसे कई राहगीर परेशान हुए जिनके वाहन में पहले से ही पेट्रोल कम था और उन्होंने सोचा था कि तिलवारा रोड स्थित दो में से किसी एक पेट्रोल पंप से अपने वाहन में पेट्रोल भरवा लेंगे। जब वे वहां पहुंचे तो दोनों पेट्रोल पंप बंद दिखे जिसके बाद कुछ राहगीर तो टोचन करते हुए नजर आए तो वहीं कुछ राहगीर अपने वाहन में पेट्रोल खत्म होने के कारण वाहन को ऑटो में सवार कर ले जाते हुए दिखे।

### इनका कहना है



ये तो पहले ये ही तय था कि बंगाल चुनाव के बाद मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाएगी। आज की सरकार जनता की सरकार नहीं है ये सरकार सिर्फ व्यापारियों की सरकार है। सरकार सिर्फ अडानी, अंबानी को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है।

**शैलेंद्र उर्फ सोनू बड़गैयां**
**फायर सेफ्टी प्रमुख, जबलपुर**



जो भाजपा के लोग मंहगाई का विरोध कर रहे थे और अब वही भाजपा के लोग मंहगाई बढ़ा रहे हैं। कथनी और करनी में बहुत अंतर होता है, अब ऊंट पहाड़ के नीचे आया है अब भाजपा सरकार को पता चलेगा कि कैसे शासन और देश चलाया जाता है। अभी तक तो हर तरफ की संपत्तियां बेचकर 12 साल देश चला लिया गया लेकिन ये अब ज्यादा देर तक टिकने वाला नहीं है।

**दिनेश यादव**
**वरिष्ठ कांग्रेस नेता**



वैश्विक संकट के हालातों के कारण रेट बढ़े हैं। आमजनों को जरूरत के हिसाब से पेटोल-डीजल का उपयोग अभी करना चाहिए, अनावश्यक मिसयूज नहीं करना चाहिए। अबर रेट नहीं बढ़ता तो इसका अनावश्यक उपयोग होता।

**नंद कुमार मिश्रा**
**एडवाकेट**

### इनका कहना है



वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक तनाव के कारण जबलपुर में पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ाए गए हैं। हमें अपनी आदतें बदलना होंगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा देना होगा, मितव्ययता रखनी होगी और अनावश्यक खर्चो में कटौती करनी होगी।

**हिमांशु खरे**
**अध्यक्ष ,फेडेरेशन ऑफ़ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**




सरकार को ऐसा संतुलन बनाना होगा जिससे राजस्व की आवश्यकता और जनता की राहत दोनों के बीच सामंजस्य बना रहे। आज आवश्यकता केवल कीमत बढ़ाने या घटाने की नहीं, बल्कि ऐसी दीर्घकालिक नीति की है जो देश की आर्थिक स्थिरता और आम नागरिक की जरूरतों दोनों का ध्यान रख सके। क्योंकि ईंधन की हर बढ़ती कीमत अंततः सीधे जनता की जेब पर असर डाल रही है।

**डॉ. दीपक दुबे,डॉक्टर।**



पेट्रोल की पहले हुई कमी एक्सपोर्ट में दिक्कत के कारण थी, पेट्रोल खत्म नहीं हुआ था। वहीं बढ़ती कीमतों के बावजूद औसत से ज्यादा बिक्री दर्ज की जा रही है।

**चेतन बारी, पेट्रोल पंप संचालक**



बढ़ती कीमतों के बावजूद पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। सुबह से देर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

**संतोष तिवारी**

## भोजशाला विवाद में उच्च न्यायालय ने दिया ऐतिहासिक निर्णय : महाधिवक्ता सिंह



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ ने भोजशाला कमाल मौला मस्जिद विवाद से संबंधित विभिन्न याचकिाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए न्यायालय ने यह घोषित किया है, कि भोजशाला एवं कमाल मौला मस्जिद का विवादित परिसर 18 मार्च 1904 से 1958 के अधिनियम के अंतर्गत संरक्षित स्मारक है। उच्च न्यायालय ने विवादित परिसर के धार्मिक स्वरूप को माता वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर सहित भोजशाला' माना है। आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (एएसआई) के निर्देशक द्वारा 7 अप्रैल 2003 को पारित आदेश के उस भाग को अपास्त कर दिया गया है, जिसमें हिन्दू समुदाय के पूजा-अधिकारों को सीमित किया गया था तथा मुस्लिम समुदाय को नमाज़ की अनुमति प्रदान की गई थी। भारत सरकार एवं एएसआई को भोजशाला मंदिर के प्रशासन, प्रबंधन और संस्कृत शिक्षा की व्यवस्था के संबंध में निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आदेशित किया है, कि एएसआई सम्पूर्ण परिसर के संरक्षण, प्रबंधन एवं धार्मिक गतिविधियों के विनियमन की सर्वोच्च निगरानी संस्था बनी रहेगी। यह जानकारी मप्र उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने एएसआई को संरक्षण, संवर्धन एवं धार्मिक प्रवेश के नियमन पर पूर्ण पर्यवेक्षणीय अधिकार प्रदान किए हैं।वही लंदन संग्रहालय में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में पुन: स्थापित करने संबंधी मांग पर न्यायालय ने कहा कि भारत सरकार प्रस्तुत अभ्यावेदनों पर विधिसम्मत विचार कर सकती है।

### इन्होंने रखा सरकार का पक्ष

यह निर्णय भोजशाला प्रकरण में लंबे समय से चले आ रहे विवाद के न्यायिक निष्कर्ष के रूप में देखा जा रहा है और इससे संबंधित प्रशासनिक एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के लिए नई दिशा निर्धारित होने की संभावना है। वही सुनवाई के दौरान शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह तथा अतिरिक्त महाधिवक्ता नीलेश यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता राहुल सेठी, अतिरिक्त महाधिवक्ता धीरेंद्र सिंह परमार, अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता सोनल गुप्ता, उप महाधिवक्ता सुदीप भार्गव, उप महाधिवक्ता श्रेयराज सक्सेना, उप महाधिवक्ता स्वपनिल गांगुली, उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने पक्ष रखा।

### स्वप्निल पाटिल को अब डिप्टी सीएमई पद की कमान

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने शुक्रवार 15 मई को यांत्रिकी विभाग में बड़े तबादले का आदेश जारी किया है इन आदेश में पमरे मुख्यालय में डिप्टी सीएमई अनुराग पांडे को जबलपुर रेल मंडल में सीनियर डीएमई कोचिंग व अभी तक इस पद पर रहे स्वप्निल पाटिल को डिप्टी सीएमई (एफआरटी ईएन एचएम जेबीपी के पद पर स्थानांतरित किया गया है अन्य तबादलों में अभिषेक शर्मा सीडीएमई जबलपुर से एमसीएफ, बिश्नु प्रसाद दास डिप्टी सीएमई एवं सचिव पीसीएमई का तबादला ईस्ट कोस्ट रेलवे, अजय कुमार ताम्रकार जिनकी पदस्थापना वेटिंग में थी।

## जबलपुर को देश का सिरमौर बनाने के लिए आगे आएं नागरिक : राकेश सिंह



**नवभारत,जबलपुर।** म.प्र. शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 का आगाज पूरे देश में हो चुका है, और अपनी संस्कारधानी जबलपुर को देश के सबसे स्वच्छ और व्यवस्थित शहरों की सूची में शीर्ष पर लाने के लिए शहरवासी पूरे उत्साह के साथ आगे आ रहे हैं।

म.प्र. शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने अपने संदेश में नागरिकों से अपील की गई है कि वे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सार्वजनिक शौचालयों की सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है।

### डिजिटल माध्यम से बढ़ी सहभागिता

मंत्री श्री सिंह ने ये भी कहा कि जबलपुर के जागरूक नागरिक अब क्यू.आर.कोड और एस.बी.एम. अर्बन लिंक के माध्यम से स्वच्छता संबंधी अपने महत्वपूर्ण सुझाव और फीडबैक सीधे प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। यह डिजिटल पहल न केवल पारदर्शिता बढ़ा रही है, बल्कि नागरिकों को सीधे शहर के विकास से जोड़ रही है।

## बिना लाइसेंस गंदगी के बीच चल रहा था ठाकुर चाट भंडार

**जहां बन रही थी सामग्री वहां न छत, दीवारें, बदबूदार माहौल में हो रहा था सामग्री का निर्माण**

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का छापा, प्रकरण दर्ज**



**जबलपुर।** दीक्षितपुरा स्थित ठाकुर चाट भण्डार में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान ठाकुर चाट भण्डार के किचन में बेहद अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियां पाई गईं। यह प्रतिष्ठान बिना किसी वैध खाद्य लाइसेंस के ही संचालित किया जा रहा था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि जिस जगह पर चाट और उससे जुड़ी सामग्री बनाई जा रही थी, वहां न तो छत थी और न ही दीवारें थीं। चारों तरफ बदबूदार माहौल के बीच खाने-पीने की चीजें तैयार की जा रही थीं, जिस पर टीम ने तत्काल प्रभाव से खाद्य सामग्री का निर्माण रुकवा दिया। बिना लाइसेंस और गंदगी के बीच खाद्य सामग्री का निर्माण करने के इस मामले में ठाकुर चाट भंडार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 (2) और 56 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसे आगामी कार्यवाही के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### धर्मशाला लॉ यूनिवर्सिटी के किचन मेस में दबिश



**जबलपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित धर्मशाला लॉ यूनिवर्सिटी के किचन मेस में दबिश दी । यहाँ मेस की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान मेस के किचन के फर्श और दीवारों पर गंदगी पाई गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मेस संचालक को सुधार सूचना पत्र जारी किया है। संचालक को पांच दिन के भीतर किचन की दशा सुधारने और पूरी तरह साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मोहलत दी गई है। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए मेस से चावल और दाल के नमूने भी जब्त किए गए हैं।

## सीजेआई सहित उच्चतम न्यायालय के जज आज रहेंगे जबलपुर में

**जबलपुर, नवभारत।** उच्चतम न्यायालय के 8 न्यायाधीश आज शनिवार को जबलपुर पहुंचेंगे जहां मप्र उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेमिनार में वे शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत होंगे। फ़्रैगमेंटेशन टू फ्यूज़न : इम्पावरिंग जस्टिस वाया युनाइटेड डिजीटल प्लेटफार्म विषय पर आधारित यह सेमिनार नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर में आज शनिवार सुबह 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### वरिष्ठ जज होंगे मौजूद

मप्र उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह के अनुसार सेमिनार में उच्चतम न्यायालय के जस्टिस जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस पीबी वारले, जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह, जस्टिस आर महादेवन, जस्टिस मनमोहन, जस्टिस आलोक अराधे शिरकत करेंगे। इसके अलावा चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा सहित मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### ई कोर्ट सिस्टम जैसे विषयों पर चर्चा

सेमिनार में न्यायपालिका में डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कोर्ट सिस्टम, डेटा इंटीग्रेशन और तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा होगी। माना जा रहा है कि यह आयोजन भविष्य की डिजिटल न्याय प्रणाली की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## अलर्ट : 28 तक 44 डिग्री छू सकता है पारा

**आंधी के साथ लू, बारिश की भी उम्मीद**



**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। पारा चढ़ने के साथ आंधी, लू चलने के आसार है। इसके साथ ही बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो हफ्तों में दिन एवं रात का तापमान बढ़ने की संभावना है। 21-28 मई को हल्की वर्षा की भी संभावना है। शनिवार से 20 मई तक जिले में दिन का तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुंच सकता है। जबकि रात का पारा 28 से 30 डिग्री के बढ़ने के साथ गर्म हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा आँधी के साथ गरज चमक के साथ वर्षा भी होने की उम्मीद है। शुक्रवार को सुबह से सूर्यदेव के तेवर उग्र रहे। दिन चढ़ने के साथ सूरज और गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाए। बिना कूलर, पंखे, एसी के रहने वाला मुश्किल हो रहा था ।

### यह सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और संलग्न उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित है। पूर्वी मध्य प्रदेश और संलग्न क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। पूर्व-पश्चिम ट्रफ अब पश्चिम मध्य प्रदेश से लेकर पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तरी गांगेय पश्चिम बंगाल होते हुए उत्तरी बांग्लादेश तक माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है।

### ऐसा रहा तापमान

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 50 और शाम को 35 प्रतिशत दर्ज की गई। पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57